# 31 लोगों पर लगाया दंड

रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान अंतर्गत चल रहे विशेष अभियान में मंगलवार को 31 लोगों पर दंड की कार्रवाई की गई है। यह वो लोग है जिनपर कार्रवाई सीसीटीवी कैमरे से नजर रखकर की गई है।

नई दुनिया 30-12-2020

# 68 दिनों में ठीक किए 107 वॉल्व व 479 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 68 दिनों में 107 वॉल्व व 479 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है।

मंगलवार को निराला नगर, सर्वोदय नगर भारत गैस गोदाम के पास, कस्तूरबा नगर त्रिवेदी के मकान के सामने पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाने के साथ जवाहर नगर मुख्य मार्ग राठौर के घर के सामने 12 इंची पाइप लाइन में आठ फीट का नया पाइप जोड़ा गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

नई दुनिया

30-12-2020

(16)

# शहर में श्वान की नसबंदी का होगा प्रयास

पत्रिका सोशल वैल्यू



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. जीवमैत्री परिवार का वार्षिक सम्मेलन सागोद रोड स्थित जयंतसेन धाम पर आयोजित हुआ। भगवान नेमीनाथ और भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस दौरान करीब 200 सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने सर्दी को देखते हुए गौशालाओं में परदे आदि लगाने पर सहमति व्यक्त की। इसके साथ ही आने वाले समय में भी गौशालाओं में चारा, पानी आदि का प्रबंध भी आवश्यकता होने पर करने पर मंजूरी हुई। इसके अलावा शहर में श्वान की नसबंदी कराने के लिए कलेक्टर व निगम आयुक्त से मिलने का निर्णय लिया गया।

शहर और जिले में पशु-पक्षियों को आने वाली चिकित्सा परेशानियों को लेकर भी विचार हुआ। सदस्यों ने बताया कि रतलाम में चिकित्सा स्टाफ और चिकित्सकों तथा दवाईयों की कमी के चलते मूक और सड़कों पर घूमने वाली गाय, कुत्तों, पक्षियों आदि के ईलाज में भारी परेशानी होती है। सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि शहर में श्वान की नसबंदी करवाने के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड और नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा करके उसमें भी सहायता की जाएगी। इस प्रयास को बढाने के लिए भी कोशिश की जाएगी ताकि श्वानों की बढती तादात पर भी नजर रहेगी।

## इनका किया स्वागत

सदस्यों ने भी इस दौरान रात्रि कालीन श्वान को दूधरोटी बांटने की निस्वार्थ सेवा करने वाले सदस्यों, युवाओं और सक्रिय समिति सदस्यों का भी स्वागत व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमृत जैन ने किया। इस दौरान वल्लभ सकलेचा, दीपक कटारिया, सुनिल सुराणा, प्रकाश लोढा, मनीष सोनी, शैलेंद्र गोठवाल आदि मौजूद थे। आभार दीपक कटारिया ने माना। कार्यक्रम के अंत में भजनों का आयोजन कर, भगवान से कोरोना महामारी का अंत करने और सभी जीव मात्र पर दया करने की प्रार्थना की गई।

पत्रिका 30-12-2020

# 635 रिपोर्ट में 27 पॉजिटिव मिले, 268 मरीज एक्टिव

कोरोना को हराना है

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना की रफ्तार बराबर बनी हुई है। मंगलवार को 635 रिपोर्ट में 17 नए पॉजिटिव मिले। मेडिकल कॉलेज लैब की 399 रिपोर्ट में 24 और रैपिड एंटीजन की 236 रिपोर्ट में तीन नए मरीज शामिल हैं। जिले में संक्रमित मरीजों की संख्या 4045 पहुंच गई है।

मंगलवार 25 नए डिस्चार्ज होने पर 3700 स्वस्थ हुए, जबकि 77 की मौत हुई। दिसंबर के 29 दिन में 707 नए मरीज मिले, 873 स्वस्थ हुए और सात की मौत हुई। एक्टिव मरीजों की संख्या 268 हो गई।

**वैक्सीन पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो**

रतलाम चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने कोरोना वैक्सीन के बारे में फैलाई जा रही भ्रांतियों व दुष्प्रचार के विरुद्ध खड़े होने की अपील की है। चीफ काजी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर गलत पोस्ट कर कुछ लोग लोगों वैक्सीन में आपत्तिजनक तत्व होने, वैक्सीन ना लगवाने के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जिन्होंने पहले पोलियो वैक्सीन को लेकर लोगों को उकसाया और कई बच्चों को अपाहिज होने के लिए धकेल दिया। वैक्सीन चिकित्सकों व निर्माताओं की संतुष्टिजनक जांच के बाद ही मिलेगी। बहकाना और बदगुमानी पैदा करना गैर-इस्लामिक है। मुस्लिम समुदाय के लोग किसी अफवाह में ना आएं।

नई दुनिया

30122020

(10)

## 9 बीघा अतिक्रमण हटाकर कब्जे में लिया

रतलाम | विकास शाखा की अर्जुन नगर स्थित 22 बीघा जमीन से मंगलवार को नगर निगम ने कब्जा में लेना शुरू कर दिया है। पहले दिन 9 बीघा से अतिक्रमण हटाकर कब्जे में लेने की कार्रवाई की गई। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है। 13 बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। कार्रवाई पूरी होने के बाद इस आवासीय कॉलोनी विकसित की जाएगी। राजस्व निरीक्षक मेहरबान सिंह की मौजूदगी में कब्जे की कार्रवाई सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री सत्यप्रकाश आचार्य, बृजेश कुशवाह, विकास मरकाम ने की।

दै. भास्कर 30-12-2020

निगम-प्रशासन का अमला पहुंचा अर्जुन नगर

## शाम तक निगम ने जगह तलाशी, अतिक्रमणकर्ताओं को दी चेतावनी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. अर्जुन नगर में प्लाट की राशि जमा कर उसकी रजिस्ट्री नहीं कराने की पुलिस में शिकायत के बाद नगर निगम और प्रशासनिक अमला मंगलवार को मौके पर पहुंच गया। निगम की टीम ने प्रशासन से उनकी जमीन की नपती कराई तो निगम की एक बड़ी भूमि पर अवैध रूप से खेती करना पाई गई जिस पर निगम के अधिकारियों ने कब्जा धारी को कब्जा खाली करने के निर्देश दिए।

नगर निगम की यह कार्रवाई सोमवार को अभिभाषक अमित कुमार पांचाल के द्वारा थाना स्टेशन रोड पुलिस में निगम और प्रशासन के अधिकारियों की लिखित शिकायत करने के बाद हुई है। अभिभाषक ने बताया था कि उनके पिता द्वारा अर्जुन नगर में योजना के तहत एक प्लॉट लिया था जिसकी संपूर्ण राशि जमा कराने के बाद भी 36 साल होने पर भी निगम के द्वारा अब तक रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है। इस संबंध में प्रशासन से भी शिकायत करने पर वहां भी सुनवाई नहीं हुई तो अभिभाषक ने थाने में शिकायत कर दी जिसके बाद अधिकारियों ने दौड़ लगा दी।

### निगमकर्मी शाम तक तलाशते रहे भूमि

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित प्रशासनिक अमले में पटवारी और राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने यहां पर निगम की जमीन तलाश कर उसकी नपती की तो उस पर अतिर मण पाया गया। इनमें से कई लोगों के द्वारा यहां पर पक्के निर्माण भी करने की बात सामने आई तो कुछ ने कच्चे कर रखे थे। इतना सब नजर आने के बाद भी निगम शिकायतकर्ता को उसकी भूमि तलाश कर नहीं दे सका।

### कांग्रेस आज करेगी शिकायत

अर्जुन नगर में पट्टे दिए जाने के बाद और निर्माण कर यहां रहने वाले लोगों के कच्चे पक्के भवनों की नपती के बाद अब यह मामला राजनीतिक रंग लेने लगा है। अर्जुन नगर के लोगों के साथ मिलकर कॉन्ग्रेस बुधवार को नगर निगम पहुंचकर प्रदर्शन करेगी और ज्ञापन सौंपेगी।

पत्रिका 30-12-2020

# विकास शाखा की नौ बीघा जमीन पर हो रही थी खेती

## अर्जुन नगर में भूखंड नहीं मिलने की शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे तो पता चला, कब्जा लिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में तत्कालीन नगर सुधार न्यास (वर्तमान विकास शाखा) द्वारा विकसित की गई योजना क्रमांक 67 अर्जुन नगर में मूल आवंटियों को भूखंड लेने के लिए मशक्कत करना पड़ रही है वहीं नगर निगम स्वामित्व की खाली पड़ी भूमियों पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है। अर्जुन नगर में भूखंड नहीं मिलने की शिकायत पर मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे निगम अमले को राजस्व विभाग के अमले ने दस्तावेज व मौके की जांच कर बताया कि खाली पड़ी जमीन निगम स्वामित्व की है। इसके बाद सीमांकन कर चूने की लाइन डालकर 9 बीघा जमीन पर कब्जा लिया गया जबकि शेष जमीन से अतिक्रमण हटाने की तैयारी की जा रही है।



भूमि का सीमांकन करते हुए निगम कर्मचारी। •नईदुनिया

मालूम हो कि अभिभाषक अमित पांचाल ने पिता स्व. मोहनलाल पांचाल को अर्जुन नगर में आवंटित भूखंड का विक्रय पत्र संपादित नहीं किए जाने की शिकायत की थी। मामले में जांच के लिए मंगलवार को निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, राजस्व निरीक्षक मेहरबान सिंह, पटवारी अर्जुन गौड़ व निगम सिटी इंजीनियर सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, विकास मरकाम आदि को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। पांचाल को आवंटित प्लॉट क्रमांक 242 पर 25 बाय 40 वर्गफीट पर तीन परिवार रहते मिले। इसके बाद आयुक्त ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर नपती के लिए कहा। राजस्व अमले ने दस्तावेजों को देखने के बाद बताया कि 22 बीघा जमीन निगम की है।

### जेसीबी से खोदाई करवा दी

मौके पर करीब 9 बीघा जमीन खाली मिली, जिसमें करीबन 7.5 बीघा जमीन पर खेती की जा रही थी। निगमायुक्त ने राजस्व अमले से नपती करवाकर कब्जा लेने की कार्रवाई पूरी करवाई। दोबारा अतिक्रमण नहीं हो, इसके लिए जेसीबी से खाली भूमि के आसपास खुदाई करवा दी गई। नगर निगम विकास शाखा की निर्मित स्वीकृत योजना में लगभग 22 बीघा से अधिक भूमि पर अतिक्रमण होना पाया गया है। भूमि का सीमांकन कर अभी नौ बीघा भूमि से अतिक्रमण हटवाकर भूमि को कब्जे में लिया गया है।

### लगातार हो रहा अवैध कब्जा

अर्जुन नगर व आसपास के इलाके में शासकीय भूमि पर लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके साथ ही शासकीय धन का दुरुपयोग कर वहां बुनियादी सुविधाओं के इंतजाम भी राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा करवाए जा रहे हैं। अवैध बसाहट से निगम के संसाधनों पर भी दबाव बढ़ रहा है।

### 1982 में योजना शुरू की थी

निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है। उक्त भूमि में से नौ बीघा भूमि को कब्जे में ले लिया गया है। शेष भूमि जिसमें अतिक्रमण कर खेती की जा रही है उसे भी अतिक्रमन मुक्त कर शीघ्र कब्जा लेकर भूमि पर आवासीय योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

नई दुनिया 30-12-2020

# अफसर-कर्मचारी के खिलाफ जांच से पहले अब शासन की मंजूरी जरूरी होगी

भास्कर न्यूज | भोपाल. किसी भी सरकारी सेवक (अफसर और कर्मचारी) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच या पूछताछ के लिए मप्र की जांच एजेंसी ईओडब्ल्यू और लोकायुक्त को अब शासन की मंजूरी लेनी होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17-ए के तहत यह प्रक्रिया निर्धारित की है। विभाग के पास दोनों जांच एजेंसियां संबंधित व्यक्ति के संबंध में जानकारी या प्रतिवेदन भेजेंगी, जिसका परीक्षण करने के बाद जांच की स्वीकृति या अस्वीकृति का अभिमत दिया जाएगा।

30-12-2020

# • श्रमिक स्पेशल : 43 हजार मजदूर पहुंचे घर



रतलाम | सख्त लॉकडाउन में देशभर में फंसे मध्यप्रदेश के मजदूरों को घर पहुंचाने के लिए रेलवे ने रतलाम स्टेशन को प्रदेश का एंट्री पॉइंट बनाया था। 8 मई को राजकोट में फंसे 1131 मजदूरों को लेकर पहली श्रमिक स्पेशल ट्रेन यहां पहुंची थी। इसमें 9 जिले झाबुआ, आलीराजपुर, दमोह, सीहोर, भोपाल, शाजापुर, धार, खरगोन, खंडवा के मजदूर आए। रेलवे और प्रशासन के 300 कर्मचारियों की टीम ने 2.50 घंटे में सभी को ट्रेन से उतारकर कोविड-9 की प्रारंभिक जांच कर 31 बसों से गृह नगर रवाना किया। 22 मई तक इसी तरह श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से 21 जिलों के 43 हजार से ज्यादा मजदूर सपरिवार घर पहुंचे।

30-12-2020



# गंदगी व मलबा फैलाने पर 20 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 30-12-2020

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। फुटेज के आधार पर शहीद चौक स्थित शूज शॉप पर 500 रुपये का जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर दिनेश सोलंकी हाट रोड पर 1000, शादाब फर्नीचर हाट रोड, फेमस स्टील, महाकाल नमकीन, लालचन्द राठौर पर 250-250, कमल, रोहित, मुजफ्फर, बबलू, रियाज, किशोर कुमार पर 100-100, सुनील, दीपक प्रजापत, भूरीबाई, धर्माईजी, आकाश, कालू नाथम व कमल पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

30-12-2020


# गंदगी व मलबा फैलाने पर 20 व्यक्तियों पर जुर्माना


30.12.20



# रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देकर शहर को नम्बर-1 बनाने का संकल्प दिलाया

रतलाम। स्वच्छता ही हमारी पहचान है, हमें इसे जन जन तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी को जागरूक-होना पड़ेगा। स्वच्छता से ही शहर की पहचान होती है। जहां स्वच्छता होती है वहां देवता निवास करते हैं। इसलिए जिस प्रकार हम अपने घरों के अंदर साफ सफाई करते हैं उसी प्रकार आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने में मदद करना भी हमारी जिम्मेदारी है। आप घर के अंदर से जो भी कचरा सफाई के दौरान निकालें उसे एक जगह एकत्रित करें।

गलियों में न फैलाएं। अलग-अलग चार डस्टबीनों में कचरा एकत्र कर कचरा संग्रहण वाहन में ही इसका निपटान करें। उक्त बात पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के संदर्भ में अनेक समाजसेवकों को स्वच्छ रतलाम-सुंदर रतलाम का संकल्प दिलाते हुए कही।

# एक दिन में अधिकतम तापमान में छह डिग्री की गिरावट

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में सर्द हवाओं के चलते तापमान में भारी गिरावट आई है। 31 दिसंबर तक यही हालात बने रहने की संभावना है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 21.2 जबकि न्यूनतम 6.4 डिग्री रहा। सोमवार की तुलना में अधिकतम तापमान में 6.3 डिग्री व न्यूनतम में 2.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक हवा का रुख बदलने से तापमान में गिरावट आई है। इस सीजन में सोमवार-मंगलवार की रात सबसे सर्द रात रही। अधिकतम तापमान सामान्य से करीब छह डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के मुताबिक यदि एक दिन में पारा 5 डिग्री तक गिरता है तो कोल्ड डे माना जाता है। अचानक पारा गिरने के पीछे उत्तर भारत में बर्फबारी और रविवार रात से हवा की दिशा उत्तरी होना माना जा रहा है।



रतलाम की सब्जी मंडी में सर्दी से बचाव के लिए अलाव तापते हुए नागरिक। • नईदुनिया

मंगलवार सुबह देर तक शहर सहित अंचल में कोहरा छाया रहा। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तापमान में गिरावट से आमजन सहित मूक पशु-पक्षी दिनभर ठिठुरते रहे। सर्दी से बचाव के लिए शहर में दिन में भी जगह-जगह अलाव जलाए गए। होटलों पर चाय की चुस्कियां लेने वालों की भीड़ लगी रही। शाम को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सजी मसालायुक्त जायकेदार गराड़ू, रसभरी जलेबी, इमरती, दूध, गजक सहित अन्य मौसमी व्यंजनों की दुकानों पर शौकीनों का मेला लग रहा। घरों से भी भजिये, चिलड़े आदि मौसमी व्यंजनों की महक उठती रही। शहर के विभिन्न स्थानों पर सजी गर्म वस्त्रों की दुकानों पर भी ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ गई। बच्चों के साथ बड़े जरूरत के मान से गर्म वस्त्रों की खरीदी करते देखे गए।

**मौसम**

- मौसम की सबसे सर्द रात, न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री हुआ
- 31 दिसंबर तक ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नहीं

**एक नजर तापमान की चाल पर**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 29 दिसंबर | 21.2 | 6.4 |
| 28 दिसंबर | 27.5 | 9.0 |
| 27 दिसंबर | 28.2 | 9.5 |
| 26 दिसंबर | 27.6 | 10.6 |
| 25 दिसंबर | 27.6 | 10.2 |
| 24 दिसंबर | 27.6 | 10.0 |
| 23 दिसंबर | 27.2 | 9.2 |
| 22 दिसंबर | 27.0 | 8.7 |
| 21 दिसंबर | 26.2 | 8.0 |

नई दुनिया
30-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने वाले 31 व्यक्तियों पर जुर्माना

नई दुनिया। 30-12-2020

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सिविक सेंटर, राम मंदिर, शहर सराय, धानमंडी, न्यू रोड व दो बत्ती क्षेत्र में गंदगी व मलबा फैलाने पर दुर्गा ट्रेडर्स, रमेश कंपनी, ओम शक्ति, सिद्धि कंसेशनरी पर 1000-1000, अखिलेश, मणिलाल गांधी, बालाजी रेस्टोरेंट, जय मोहन, हातिम पावावाला, जनसेवा व रूपायन रवि ट्रेडर्स पर 500-500, महाकाल पानी पतासा, आदिल सिद्दिकी, कैलाश गजक भंडार, संतोष कुमार सोलंकी, हेमंत गुप्ता, आनंद पालीवाल, दुर्गा मिष्ठान, नीरज उपाध्याय, अरिहंतश्री, खलसाजी, विजय कुमार, अरिहंत प्लास्टिक पर 250-250, गौरव पर 200, राजेश, संजय गर्ग, आयुष जैन, रमेश, पेन सेंटर, मोहम्मद रिजवान व साबिरभाई पर 100-100 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया।

30-12-2020

नगर निगम में सैकड़ों कर्मचारियों को वेतन का इंतजार

# नया माह शुरू होने में मात्र दो दिन शेष, नगर निगम में अब तक वेतन नहीं मिला

पत्रिका

**करंट इश्यू**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com 30-12-2020



**रतलाम.** दो दिन बाद नया महिना शुरू होकर वर्ष 2021 शुरू हो जाएगा, लेकिन अब तक नगर निगम में सैकड़ों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नवंबर माह में किए गए कार्य का वेतन ही नहीं मिला है। आर्थिक समस्या से जुझ रहे निगम के पास इन कर्मचारियों के वेतन देने के लिए रुपए का अभाव है। जनवरी माह की शुरुआत तक वेतन नहीं मिलता है तो कर्मचारी आंदोलन की राह पर जाने की योजना बना रहे हैं। कर्मचारियों ने आंदोलन किया तो स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 को तगड़ा झटका लगेगा। कर्मचारियों का कहना है कि जुलाई के बाद से हर माह वेतन के लाले पड़ रहे हैं।

नगर निगम में काम करने वाले मैजिक वाहन चालक, इनके सहायक, हाथ ठेला की सफाई करने वाले कर्मचारी, सीवरेज लाइन की सफाई करने वाले विशेष गैंग के कर्मचारियों को अब तक नवंबर माह के वेतन का इंतजार है। पूर्व में भी दीपावली के समय ही दो माह का बकाया वेतन मिला था। इन वेतन के रुपए के लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को भोपाल तक जाना पड़ा था। इसके बाद चूंगी कर की राशि शासन से मिली थी, जिसका भुगतान वेतन के रूप में किया गया था।

## यह करते हैं कर्मचारी

हाथ ठेला गाड़ी का कर्मचारी गंदगी को उठाकर ठेले में डालकर मोहल्लों को साफ करते हैं। जिन मोहल्लों में कचरा गाड़ी नहीं जा पाती है, वहां पर हाथ ठेला गाड़ी से कचरा उठवाया जा रहा है। मैजिक वाहन चालक व उनके सहायक कर्मचारी शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर सूखा व गीला कचरा संग्रहण कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान में इनका सबसे बड़ा योगदान है। इनके अलावा नालों की सफाई करने वाले विशेष गैंग के कर्मचारी तो शहर के बड़े-छोटे नालों में उतरकर स्वयं गंदगी को साफ करते हैं। इनके इस योगदान के चलते ही शहर स्वच्छता सर्वेक्षण के अभियान में महत्वपूर्ण स्थान पाता है। इसके बाद भी अब तक इस वर्ग को ही वेतन नहीं मिला है।

## फैक्ट फाइल जिनको वेतन का इंतजार

| पद नाम | कर्मचारी |
|---|---|
| सीवरेज लाइन गैंग कर्मचारी | 210 |
| हाथ ठेला सफाई कर्मचारी | 49 |
| मैजिक सहायक | 49 |
| मैजिक चालक | 65 |

## श्रेय लेते पर वेतन नहीं देते

जब भी स्वच्छता अभियान में कोई पुरस्कार मिलता है तो श्रेय अधिकारी लेते है, जबकि नाले में उतरना हो या गंदगी उठाना हो, यह कार्य हमारे लोग करते है। इसके बाद भी वेतन देने की जब बारी आती है तो सबसे अंत में हमको ही परेशान किया जाता है। जनवरी तक वेतन नहीं मिला तो हमारा संगठन आंदोलन करेगा। **- संजय पैमाल,** सचिव, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति

कुछ कर्मचारियों का वेतन देना शेष है। इसकी तैयारी की जा रही है। जल्दी ही बकाया वेतन का भुगतान किया जाएगा।- **एपी सिंह,** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

पत्रिका
30-12-2020

**शहर विकास पर संशय** • अभी काम चालू हो जाए तो दो माह में पूरी हो सकती है लाइनिंग

# चुनाव आगे बढ़े फिर भी सीवरेज सिस्टम का काम बंद, सिर्फ 11 किमी लाइन डलना बाकी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

30-12-2020

चुनाव मार्च-अप्रैल तक टल गए लेकिन निगम अफसर शहर में सीवरेज का काम दोबारा चालू करवाना भूल गए। वह भी तब जबकि 275 किलोमीटर में से सिर्फ 11 किमी लाइन ही डलना बाकी है। अब भी अगर पुरजोर तरीके से लाइन बिछाने का काम शुरू करवा दिया जाए तो मार्च से पहले लाइनिंग का काम खत्म हो सकता है। डेडलाइन जून तक की है इसलिए वर्तमान में पांच पंपिंग स्टेशन के साथ ठेकेदार कंपनी का सारा फोकस खेतलपुर और करमदी रोड पर बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) पर है।

## फरवरी तक दीनदयाल नगर, अर्जुन नगर व डोसीगांव पंपिंग स्टेशन शुरू होगा

### अब तक ये काम हुआ

- **मैन व सब ट्रंक लाइन** - 275 किमी में से 264 डल चुकी
- **मैन होल** - पूरे 9500 बन चुके, अब एक्स्ट्रा बनाए जा रहे
- **हाउस चैंबर** - 11000 बन चुके, नए इलाकों में कुछ और का निर्माण चल रहा
- **एसटीपी** - खेतलपुर (16 एमएलडी) में सिर्फ बिजली कनेक्शन बाकी, करमदी (21.5 एमएलडी) का 65 प्रतिशत पूरा।



दीनदयाल नगर का पंपिंग स्टेशन।

**तैयार हो जाएंगे तीन पंपिंग स्टेशन** - शहर से निकलने वाले गंदे पानी इकट्ठा कर पांच पंपिंग स्टेशनों से दोनों सीवरेज ट्रीट प्लांट तक पहुंचा जाएगा। फरवरी तक दीनदयाल नगर, अर्जुन नगर और डोसीगांव पंपिंग स्टेशन फंक्शनल पोजिशन में आ जाएगा।

**मैन ट्रंक लाइन का काम रुका-** फव्वारा चौक से करमदी रोड एसटीपी व सैलाना रोड राठौड़ रेस्टोरेंट से खेतलपुर एसटीपी तक दो 400 एमएम की मैन ट्रंक डाली जा रही है। ये मैन ट्रंक लाइन भी विरोध के कारण दो जगह नहीं डल पाई है। पहली हरदेवलाला पीपली से त्रिपोलिया गेट तक लगभग 500 मीटर और दूसरी घास बाजार से हरमाला रोड तक की है।

**लाइनिंग 95% पूरी-** *लाइनिंग 95 प्रतिशत पूरी हो गई है। सिर्फ 10 से 11 किमी पाइप लाइन बिछाई जाना है। इसमें डेढ़ से दो महीने लगेंगे। एसटीपी कनेक्शन फंक्शनल स्थिति में आ जाएगा।* **- संदीप बाथम,** *रेसिडेंट इंजीनियर, केकोस कंपनी*

*पूरी तरह काम बंद नहीं हुआ। निगम लगातार सीवरेज सिस्टम की मॉनिटरिंग कर रहा है। जहां भी कोई अड़चन है, उसे दूर किया जा रहा है।* **- सुरेशचंद्र व्यास,** *सिटी इंजीनियर*

दै. भास्कर

30-12-2020

# दिल बहार चौराहा पर लगेगा बकाया वसूली शिविर

नई दुनिया 30-12-2020

रतलाम। कोरोना संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग-धंधे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 दिसंबर तक छूट दी जा रही है।

इसके लिए नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधित करों की बकाया राशि जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त, भू-भाटक की बकाया राशि एक मुश्त जमा कर अधिभार में छूट का लाभ ले सकते हैं। वार्ड क्रमांक 30, 31, 32, 34 के लिए 30 दिसंबर को स्टेशन रोड दिल बहार चौराहा पर कार्यालयीन समय में शिविर लगेगा।

नई दुनिया

30-12-2020

# नगरीय विकास का बनेगा पंचवर्षीय रोडमैप

## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दी जानकारी



भोपाल, (प्रस)। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार नगरीय निकायों का पंचवर्षीय (वर्ष 2021-26) रोडमैप बनाया जाएगा।

श्री सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान जनवरी माह में सभी नगर निगमों का भ्रमण करेंगे। इस दौरान नगर निगमों द्वारा पांच वर्ष के विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायत का भी विकास रोडमैप बनाया जाएगा। इसकी समीक्षा अलग से संभाग स्तर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। पंचवर्षीय कार्ययोजना के मुख्य बिन्दु समावेशी शहरी विकास, संवहनीय विकास, राजस्व एवं प्रशासनिक सुधार, शहरी सेवा प्रदाय की गुणवत्ता में सुधार और नगरीय नियोजन के माध्यम से शहरी अर्थव्यवस्था में सुधार होंगे। इन बिन्दुओं के अंतर्गत रात्रिकालीन आश्रय, दीनदयाल रसोई, स्व-सहायता समूहों का गठन एवं सुदृढ़ीकरण, कौशल प्रशिक्षण और रोजगार, गरीबों के लिये आवास, सीवरेज, सेनिटेशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वयं के स्रोतों से प्राप्त आय, जलकर, संपत्तिकर, उपभोक्ता प्रभार, ई-गवर्नेंस, जल आपूर्ति, वर्षा जल नाला, सार्वजनिक परिवहन, स्ट्रीट लाईट, जीआईएस सर्वे और मास्टर प्लान की स्थिति समाहित है।

**नगरीय निकायों के अधिकारी व कर्मचारी ड्रेस कोड का पालन करें:** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि नगरीय निकायों के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी ड्रेस कोड के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। श्री सिंह ने कहा कि इस आदेश के तहत नगरीय निकायों में कार्यरत पुरुष अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नेवी ब्लू पेंट एवं स्काई ब्लू शर्ट और महिलाओं के लिए स्काई ब्लू साड़ी, ब्लाउज/ स्काई ब्लू कुर्ता, दुपट्टा एवं नेवी ब्लू सलवार निर्धारित की गई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा सभी आयुक्त नगर पालिक निगम, परियोजना अधिकारी, संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, जिला शहरी विकास अभिकरण और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नौ माह बाद फिर शुरू हुई जनसुनवाई में 42 आवेदक पहुंचे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन के कारण 24 मार्च से बंद जनसुनवाई नौ माह बाद मंगलवार से फिर शुरू हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन ने आवेदकों के आवेदन की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को निराकरण के निर्देश जारी किए। कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम सैलज देवदा तहसील रावटी के बालू देवदा ने पड़ोसी द्वारा जमीन पर कब्जा कर सड़क बनाने के संबंध में विवाद करने पर आवेदन दिया। निराकरण के लिए तहसीलदार रावटी को निर्देशित किया गया। महेश मईड़ा इंदिरा नगर रतलाम ने सूदखोरों से निजात दिलवाने के लिए आवेदन दिया। एसपी को कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए गए। भारोड़ा तहसील नामली के विश्राम पिता नाथू एवं रामकन्याबाई ने आवेदन दिया कि एट लेन निर्माण के लिए आसपास की शासकीय भूमि की खुदाई कर मिट्टी तथा मुरम ले जाई जा रही है। आवेदन पर तहसीलदार नामली को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।



जनसुनवाई में आवेदक की व्यथा सुनते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया

नई दुनिया 30-12-2020

# बेसन, गुड़ के सैंपल लिए

रतलाम। मिलावट से मुक्ति अभियान में मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन के दल ने रतलाम शहर तथा जावरा के खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए छह सैंपल लिए।

निरीक्षण दल द्वारा रिलायंस रिटेल प्राइवेट लिमिटेड महू-नीमच रोड रतलाम से सिल्वर कॉइन बेसन व पिंक डिलाइट गुड़ पैक का सैंपल लिया। जावरा के माप ट्रेडर्स आलोट रोड से सौंफ का, जावरा के स्वामी ट्रेडर्स कोठी बाजार से वेजिटेबल पैक, कॉरनिक कुकिंग मीडियम पैक का सैंपल लिया गया। संख्या के आधार पर प्रज्ञा वेजिटेबल फैट पैक तथा कॉरनिक कुकिंग मीडियम मिलाकर 48 लीटर सामग्री जांच रिपोर्ट आने तक जब्त की गई। अग्रवाल ट्रेडर्स कोठी बाजार से एक फाइव स्टार खजूर पैक का सैंपल लिया गया।

नई दुनिया 30-12-2020

## 30 रुपए जमा करा ले सकते है कार्ड

# जिला चिकित्सालय और एमसीएच में आयुष्मान कार्ड बनना शुरू



रतलाम @ पत्रिका. जिला चिकित्सालय और एमसीएच परिसर में अब सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गए है। अब तक केवल यहां पर भर्ती मरीजों के ही आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे थे लेकिन अब पात्र परिवार के कोई भी सदस्य ओपीडी पर्ची काउंटर पर 30 रुपए का शुल्क जमा कराकर अपना कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

प्रदेश में संचालित आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत सामाजिक आर्थिक जातिय जनगणना में चिन्हित खाद्य पात्रता पर्चीधारक तथा संबल योजना के हितग्राही को प्रत्येक वर्ष प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपए तक कैशलेस इलाज की सुविधा शासकीय चिकित्सालय, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तथा चिन्हित निजी अस्पतालों के माध्यम से दी जाती है। पात्रता श्रेणी के अनुसार वंचित श्रेणी के ग्रामीण परिवार अंतर्गत ऐसे परिवार जो एक कमरे के कच्चे मकान में निवासरत हैं। ऐसे परिवार जिसमें 16-59 वर्ष का वयस्क सदस्य नहीं है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवार, भूमिहीन परिवार, जिनका आय का स्त्रोत मजदूरी से प्राप्त होता है, उनके सहित अन्य कई श्रेणियों के लोग यहां पर अपने कार्ड बनवा सकते हैं।

पत्रिका 30-12-2020

## शिकायत लेकर पहुंचे आवेदक 30-12-2020

# लंबे समय बाद जनसुनवाई हुई शुरू





रतलाम @ पत्रिका. वर्ष 2020 के अंतिम मंगलवार से एक बार फिर से कलेक्टर कार्यालय में जन सुनवाई शुरू हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही लोग भी यहां पहुंचे और कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी शिकायतों के पत्र उन्हें सौंपे। आमजन की शिकायत सुनकर कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने संबंधित विभाग के प्रमुखों को शिकायत निराकरण के संबंध में निर्देशित किया।

बीते करीब 9 माह से रुकी हुई जनसुनवाई के शुरू होने पर पहले दिन 43 आवेदन कलेक्टर के समक्ष पहुंचे जिन्हें देखकर कलेक्टर ने उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। लंबे समय बाद आवेदकों की कलेक्टर से मुलाकात होने पर वे लोग भी खुश नजर आए। कुछ लोगों का मानना था कि कलेक्टर साहब से मुलाकात हो गई है तो अब उनकी शिकायत का निराकरण भी हो जाएगा।

कलेक्टर कार्यालय में स्थित सभाकक्ष में आयोजित जन सुनवाई के दौरान कलेक्टर के साथ अपर कलेक्टर जमुना भिड़े सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सभा कक्ष में आवेदकों की भीड़ न लगे उसके लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर कुर्सियां लगाकर उन्हें उस पर बैठाया गया था। नंबर आने पर एक-एक व्यक्ति अधिकारियों के पास पहुंचा और अपनी शिकायत के संबंध में आवेदन दिया।

पत्रिका 30-12-2020

## बोट राइडिंग के साथ ले रहे दाल पानिये का मजा



रतलाम। इको टूरिज्म पार्क धोलावड़ की वादियों में जिले तथा आसपास के नागरिक प्रतिदिन पहुंचकर बोट राइडिंग, वाटर स्कूटर राइडिंग तथा अन्य गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। साथ ही स्वादिष्ट दाल-पानियों का लुत्फ भी उठा रहे हैं। धोलावड़ महोत्सव 5 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव में बच्चों के लिए तीरंदाजी का भी अपना एक अलग ही आकर्षण है जिसका बच्चे पूरा मजा उठा रहे है। शारीरिक दूरी रखे जाने का भी पूरा ध्यान रखा गया है। • नईदुनिया 30-12-2020

नई दुनिया 30-12-2020

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में गारबेज फ्री सिटी को लेकर दावा पेश किया

# दिनभर होता रहा सर्वे दल का इंतजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 30-12-2020



रतलाम. शहर में मंगलवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए भोपाल के दल को गारबेज फ्री सिटी का तमगा देने के लिए जांच को आना था। सुबह से लेकर शाम तक निगम के कर्मचारी विभिन्न मोहल्लों में जाकर दल के बारे में जानकारी लेते रहे, लेकिन देर शाम तक भोपाल से कोई दल नहीं आया। हालांकि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह सहित अन्य कर्मचारी दिनभर विभिन्न मोहल्लों में आमजन को गिला व सूखा कचरा में भेद समझाते रहे।

शहर को कचरा मुक्त का तमगा लेने के लिए नगर निगम ने शाम को अपना दावा पेश कर दिया। इसके लिए शहर के विभिन्न वार्डों में पर्याप्त साफ सफाई के फोटो करवाए गए। नगर निगम आयुक्त झारिया जिस अलकापुरी में रहते हैं वहीं पर सफाई करवाई गई व वहां के फोटो लेकर भेजे गए हैं। इतना ही नहीं, इसी क्षेत्र में पिछले तीन दिन से सफाई को लेकर विशेष अभियान भी नगर निगम ने चला भी रखा हुआ है। इसके अलावा यहां पर बगिचे का भी बेहतर रखरखाव हाल ही में आयुक्त के आने के बाद शुरू हो गया है।

## शाम को की गई समीक्षा

दिनभर आयुक्त व अन्य अधिकारी भोपाल से आने वाले दल की तलाश करते रहे। इसके अलावा देर शाम को आयुक्त झारिया ने अधिकारियों के साथ स्वच्छता के कार्य की समीक्षा की है। इसके अलावा दोपहर में भी समय सीमा कार्यों की समीक्षा के दौरान स्वच्छता का मामला बैठक में गर्म रहा है। स्वच्छता को लेकर बनाए गए एप्लीकेशन में आई शिकायतों के बारे में बैठक में सवाल जवाब किए गए हैं।

## बेहतर कार्य कर रहें

स्वच्छता के लिए कर्मचारी बेहतर कार्य कर रहे है। इसके लिए लगातार पूरी टीम मेहनत कर रही है। हमारा प्रयास है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को नंबर एक पर लाया जाए।
**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

30-12-2020

बर्फीली हवा से छाई भारी ठंडक, नगर निगम ने अब तक नहीं की अलाव की व्यवस्था

# तापमान में तेजी से गिरावट दिन में भी कंपकंपाते रहे लोग

## मौसम विभाग की चेतावनी : अब तेजी से लुढ़केगा पारा, पाला पड़ने की भी संभावना

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

30/12/2020

कड़ाके की ठंड से हर कोई कंपकंपाने पर मजबूर है। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होते ही सोमवार से फिर उत्तरी हवा चलने लगी। उत्तरी हवा का असर यह रहा कि मंगलवार को दिन का तापमान सीधे 4 डिग्री लुढ़ककर 23 डिग्री सेल्सियस पर आ गया जबकि 2 दिन पहले रविवार को अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का मानना है कि अब तेजी से पारा लुढ़केगा। इसके साथ ही पाला पड़ने जैसे हालात भी बन सकते हैं। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिले में अब तक पूर्व और दक्षिण-पूर्व हवा चल रही थी। लेकिन सोमवार को हवा का रुख उत्तरी हो गया। उत्तर से आ रही बर्फीली हवा के कारण दिन के समय भी लोग कंपकपाते नजर आए।मौसम विभाग के अनुसार एक दिन पहले रविवार को अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सर्द हवाओं के चलते आमजन की दिनचर्या में परिवर्तन आ गया है वहीं गिरते पारे के कारण लोगों को बीमारियों ने जकड़ रखा है। सुबह से नागरिक ऊनी कपड़े पहने दिखाई देते हैं। बाजार में गर्म पदार्थों व ऊनी वस्त्रों की मांग भी बढ़ गई है। सोमवार को सुबह से ही तापमान कम होने से लोगों को मौसम में ठंडक का एहसास हुआ।



### शहर में नहीं जले अलाव लोग ठिठुरने पर मजबूर

दिसंबर बीतने को है और जनवरी का महीना शुरू होने वाला है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड का प्रकोप शुरू हो चुका है। इन सर्द रातों में किसी मुसाफिर को खुले आसमान तले रात बितानी पड़ जाए तो जान भी गंवानी पड़ सकती है। इसलिए शहरों में रैन बसेरों की व्यवस्था की जाती है। नगर रतलाम शहर में न तो रैन बसेरा में कोई व्यवस्था है और न ही रात को अलावा सेंकने की कोई व्यवस्था की गई है। शहर में निराश्रितों एवं मुसाफिरों के लिए अलाव न होने से लोग ठिठुरने पर मजबूर है।

## सूर्य के तेवर भी सर्द हवाओं के कारण फीके

सुबह के समय ठंड अधिक रहने के कारण लोग घरों में दुबके रहते है। शाम के समय बाजारों में भी चहल-पहल कम पड़ गई है। सूर्य के तेवर भी सर्द हवाओं के कारण फीके पड़ गए है। हर कोई ठंड से बचने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहा है। रात के समय कई जगह लोग अलाव पर हाथ सैंकते हुए दिखाई देते है। गरम पदार्थों की दुकानों पर भी लोग पकवानों का लुफ्त उठा रहे हैं। अदरकयुक्त चाय, जलेबी, इमरती, आलू बड़े, समोसे, गराडू, दूध व गजक लोगों की अधिक पसंद बने हुए हैं। सर्द हवाओं के चलते लोगों को बीमारियों ने घेर रखा है। मौसमी बीमारी सर्दी, जुखाम व बुखार के चलते सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

### सलाह : स्वास्थ्य और फसल दोनों का ख्याल रखें

मौसम सेवा केंद्र के तकनीकी अधिकारी के अनुसार उत्तर से आ रही बर्फीली हवा के कारण अब रात का तापमान भी तेजी से लुढ़केगा। अचानक तापमान लुढ़कने से पाला जैसी स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में जहां लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान तो रखना ही होगा, वहीं किसानों को फसलों का भी विशेष ध्यान रखना होगा, क्योंकि पाला पड़ सकता है।

### शीतलहर का चलेगा दौर

मौसम के जानकारों के अनुसार पिछले दिनों से उत्तरी पाकिस्तान के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय था। इसका प्रभाव खत्म होते ही अब पहाड़ों से ठंडी हवा अंचल की ओर आ रही है। अगले 24 घंटे में अंचल पूरी तरह से शीत लहर की चपेट में होगा। इससे दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भारी गिरावट होगी।

**केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर** ने की शहर में स्वच्छता और पर्यावरण के लिए किए गए कामों की तारीफ

# पूरे देश में लागू करेंगे इंदौर का स्वच्छता मॉडल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

इंदौर. इंदौर ने स्वच्छता का जो मॉडल बनाया है, वह सफाई के साथ ही पर्यावरण के लिए भी बहुत अच्छा है। यह एक आदर्श मॉडल है। यह बात केंद्रीय सूचना-प्रसारण और वन-पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कही।

निजी अल्प प्रवास पर शहर आए जावड़ेकर मंगलवार को इंदौर आने के बाद शहर के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचे थे। वे पहले दत्त मंदिर गए और वहां काफी समय बिताया। पूजन-अर्चन के बाद वे भाजपा नेता गोविंद मालू के घर पहुंचे और उनके परिवार के सदस्यों से चर्चा की। शहर में सफाई की स्थिति को देखकर वे काफी खुश हुए। सफाई के मॉडल के बारे में जानने के लिए वे मालू के घर से सीधे रेसीडेंसी कोठी पहुंचे। जहां कलेक्टर मनीष सिंह और निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने उन्हें कचरा निपटान को लेकर किए जा रहे कामों और प्लांट्स के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। अफसरों ने उन्हें घरों से निकलने वाले कचरे को लेने से लेकर उसके निस्तारण के साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए किए जाने वाले कामों की भी जानकारी विस्तार से दी। दिल्ली रवाना होने से पहले वे नाना महाराज तारणेकर के आश्रम भी पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की।



केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर भाजपा नेता गोविंद मालू के साथ।

## विशेष वर्कशॉप करवाएंगे, प्रशिक्षण केंद्र भी खोलेंगे

जावडेकर ने इंदौर की सफाई व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को बधाई दी और कहा, इंदौर का सफाई मॉडल पर्यावरण की दृष्टी से अच्छा है। उन्होंने कहा, जैसे ही कोरोना का खतरा कम होगा, देश के अन्य शहरों के लिए इस तरह का मॉडल तैयार करवाने के लिए विशेष वर्कशाप करवाएंगे। उन्होंने कहा, इंदौर के मॉडल को समझने के लिए यहां एक प्रशिक्षण केंद्र खोलने पर भी हम विचार करेंगे।

पत्रिका

30-12-2020